ज़ोजिला दर्रा-राजदान दर्रा को अल्प शीतकालीन बंद के बाद पुनः खोला

सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation- BRO) ने घोषणा की है कि ग्रेटर हिमालयन रेंज में **11,650 फीट की ऊँचाई** पर स्थित रणनीतिक ज़ोजिला दर्रा सर्दियों में बंद होने के बाद पुनः खोल दिया गया है।

- इसी तरह **गुरेज सेक्टर को कश्मीर घाटी** से जोड़ने वाले **राजदान दर्रे** को भी सर्दियों के कारण कुछ समय तक बंद रहने के बाद पुनः खोल दिया गया है।
- **प्रोजेक्ट बीकन और विजयक** के तहत दर्रे के दोनों ओर की बर्फ हटाने का अभियान चलाया गया।

ज़ोजिला दर्रा का महत्त्व:

- ज़ोजिला **लद्दाख** के **कारगिल ज़िले में स्थित एक उच्च पहाड़ी दर्रा है।**
- यह दर्रा **लेह और श्रीनगर** को जोड़ता है, साथ ही यह **केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख एवं कश्मीर** के बीच महत्त्वपूर्ण संपर्क मार्ग प्रदान करता है।
- ज़ोजिला दर्रा सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी के कारण बंद हो जाता है, जिससे **लद्दाख क्षेत्र का कश्मीर से संपर्क कट जाता है।**
- **ज़ोजिला सुरंग परियोजना की शुरुआत** वर्ष 2018 में की गई थी। यह सुरंग एशिया की **सबसे लंबी और सामरिक द्वि-दिशात्मक सुरंग है, जो श्रीनगर, कारगिल और लेह** के बीच पूरे वर्ष संपर्क प्रदान करेगी।

भारत में अन्य महत्त्वपूर्ण दर्रे:

भारत में प्रमुख दर्रे

तथ्य

- पूर्वी लद्दाख में स्थित **उमलिंग ला दर्रा** हाल ही में विश्व का सबसे ऊँचा मोटरेबल दर्रा बन गया है (प्रोजेक्ट हिमांक)।
- **लिपु लेख दर्रा उत्तराखंड (भारत), चीन और नेपाल के ट्राई जंक्शन** के निकट स्थित है।
- **नाथू ला** (सिक्किम) **भारत-तिब्बत सीमा** पर स्थित है। यह भारत और चीन के बीच तीन खुले व्यापारिक दर्रों में से एक है (अन्य दो दर्रे - **शिपकी ला और लिपु लेख**)।
- सिक्किम में स्थित **नाकू ला दर्रा** हाल ही में LAC **पर भारत-चीन गतिरोध** के कारण खबरों में था।
- **जोजिला दर्रा** लेह को श्रीनगर से जोड़ता है और इसे "Mountain Pass of Blizzards", अर्थात् बर्फीले तूफानों के पर्वतीय दर्रे के रूप में जाना जाता है। जोजिला सुरंग **एशिया की सबसे लंबी** सुरंग है।
- **डुंगरी ला (या माना) दर्रा** भारत और तिब्बत को जोड़ता है। यह जांस्कर पर्वत श्रृंखला (उत्तराखंड) के **नंदा देवी बायोस्फीयर रिज़र्व में स्थित** है। यहाँ तक कि भारतीय नागरिकों को भी इस दर्रे से **यात्रा करने के लिये सेना से पूर्व अनुमति लेने की आवश्यकता** होती है।
- **रोहतांग दर्रा** (हिमाचल प्रदेश) महान हिमालय की **पीर पंजाल श्रेणी** में स्थित है और **कुल्लू घाटी को लाहौल तथा स्पीति घाटियों से जोड़ता है**।
- **पश्चिमी घाट का सबसे बड़ा दर्रा तमिलनाडु से सटे केरल के पलक्कड़ (या पाल घाट) में है।**

Drishti IAS

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. सियाचिन हिमनद कहाँ स्थित है? (2020)

(a) अक्साई चिन के पूर्व में
(b) लेह के पूर्व में
(c) गिलगिट के उत्तर में
(d) नुब्रा घाटी के उत्तर में

उत्तर: D

सरोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/zojila-pass-and-razdan-pass-reopen-after-short-winter-closure